>

Title: Need to re-open the closed fertilizer factory in Gorakhpur, Uttar Pradesh.

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): महोदय, देश के किसानों को खाद उपलब्ध कराने हेतु पूर्व में केन्द्र की सरकार द्वारा विभिन्न हिस्सों में खाद के उत्पादन हेतु कारखाने स्थापित किए गए थे। इसी क्रम में गोरखपुर में भी भारत सरकार द्वारा इफको के अन्तर्गत खाद का कारखाना स्थापित किया गया था। उक्त खाद कारखाने से उत्पादित खाद देश के विभिन्न राज्यों खास तौर से उत्तर प्रदेश एवं बिहार के किसानों को आसानी से यूरिया एवं अन्य रासायनिक खाद उपलब्ध हो जाती थी। लेकिन पिछले पन्द्रह वर्षों से देश के छः खाद कारखाने जिसमें गोरखपुर का खाद कारखाना भी शामिल है, बन्द हो गए हैं। फलस्वरूप पूर्वी उत्तर प्रदेश एवं बिहार के किसानों को डीएपी एवं यूरिया की अनुपलब्धता के कारण गंभीर संकट पैदा हो गया है। इन खाद के कारखानों के बन्द होने से उत्पादन में भी भारी कमी आई है। अतः केन्द्र सरकार को किसानों के हित को दृष्टिगत रखते हुए गोरखपुर स्थित खाद के बन्द कारखाने को तत्काल चलवाने की व्यवस्था जनहित में करनी चाहिए।

MR. CHAIRMAN: Shri Jai Prakash Agarwal – not present.

Shri Rayapati Sambasiva Rao – not present.